प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

25.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्ष 2032 तक हिमाचल न केवल आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि एक आदर्श ग्रीन स्टेट के रूप में भी स्थापित होगा। शिमला में पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी व जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा तैयार गैर सीओ–टू उत्सर्जन पर वैज्ञानिक विमोचन रिपोर्ट के अवसर पर मुख्यमंत्री ने ये बात कही। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ने अपने पहले बजट से ही इस दिशा में कार्य आरम्भ कर दिया था और नॉन सीओ–टू मिशन के तहत पिछले तीन वर्षों से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य इलैक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना और सौर ऊर्जा योजनाओं को लागू करना है।

नॉन सीओ–टू मिशन और सीओटू मिशन को कम करने के लिए हमारी सरकार ने बरसक प्रयास किए है आपने देखा कि बजट के बाद हम ई–व्हीकल चाह रहे है नॉन सीओटू मिशन जो रहा है वह हम पिछले तीन साल से सोच रहे है हमने ग्रीन स्टेट बनना है अड़चने है 2026 लक्ष्य रखा था लेकिन व बड़ रहा है जो डिजिल बसें है उसे हम पैट्राल बसों को हम कम करने जा रहे है एचआरटीसी है उसे हम इलैक्ट्रिक व्हीकल सिस्टेंमैटिक बसों में कनर्वट करना है इस साल बहुत ज्यादा मात्रा में इलैक्ट्रिकल बसें आ जाएंगी।

....

अग्निहोत्री

हिमाचल प्रदेश परिवहन विभाग ने पूरी तरह से ऑटोमेटिक अप्रूवल प्रणाली के तहत काम करना शुरू कर दिया है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान ये बात कही। उन्होंने बताया कि इस वर्ष परिवहन विभाग ने रिकार्ड एक हजार करोड़ से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। अग्निहोत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ने भी तय मानकों में बेहतर कार्य करने के लिए परिवहन विभाग को 93 करोड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की है। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं ताकि अधिकारियों का रोल खत्म किया जाए और इसमें पारदर्शिता लाई जा सके।

....

शिवराज–बैठक

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 31 मार्च तक किसानों के कल्याण के लिए राज्यों को आवंटित धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने नई दिल्ली में कई राज्यों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में यह बात कही। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जमीनी स्तर पर किसानों तक लाभ पहुंचाने के लिए केंद्रीय निधियों का समय पर कुशल उपयोग जरूरी है।

संजय टंडन

प्रदेश भाजपा सह–प्रभारी संजय टंडन ने आज पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफैसर प्रेम कुमार धूमल से उनके निवास स्थान समीरपुर में भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास, संगठन सुदृढ़ीकरण और राष्ट्रहित के मुद्दों पर प्रोफैसर धूमल का दृष्टिकोण हमेशा स्पष्ट दूरदर्शी और प्रेरणादायी रहा है। संजय टंडन ने कहा कि वित्त वर्ष 2026–27 के केन्द्रीय बजट में पर्यटन व सांस्कृतिक योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक पर्यटन स्थल है और केन्द्र ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर अनेक योजनाएं बनाई हैं। टंडन ने कहा कि प्रदेश सरकार अगर केन्द्र के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य करे तो हिमाचल पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊचाईयां छुएगा।

संवाद

लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने कहा है कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। वे आज केलांग में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से आए लोगों की समस्याएं सुनने के अवसर पर बोल रहीं थीं। अनुराधा राणा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का त्वरित और सकारात्मक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने पेयजल, सड़क, विद्युत, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे विधायक के समक्ष रखे।